उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
हरिद्वार – 249404

संख्या : 369 / 01 / डी0आर0(डिग्री) / सेवा–2 / 2021–22 दिनांकः 18 सितम्बर, 2024

विज्ञप्ति

असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021 (राजनीति शास्त्र)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड शासन के उच्च शिक्षा विभाग के लिए **असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021** के विज्ञापन दिनांक 04 दिसम्बर, 2021 एवं विज्ञप्ति दिनांक 19 जनवरी, 2022 के सापेक्ष प्राप्त ऑनलाईन आवेदन पत्रों में अंकित ए0पी0आई0 स्कोर के आधार पर शार्टलिस्टिंग परिणाम दिनांक 13 अप्रैल, 2022 को घोषित किया गया। उक्त शार्टलिस्टिंग परिणाम में सफल तथा दिव्यांगजन हेतु शुद्धिपत्र दिनांक 23 दिसम्बर, 2022 के सापेक्ष आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में किये गए दावों के आधार पर प्राप्त अभिलेखों की सन्निरीक्षा के क्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति शास्त्र (**Political Science**) विषय के अर्ह अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 05 एवं 06 सितम्बर, 2024 को आयोजित किया गया। साक्षात्कार के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन परिणाम, कट–ऑफ मार्क्स एवं अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों का विवरण आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। अभ्यर्थी उक्त हेतु आयोग की वेबसाइट का अवलोकन अवश्य करें।

यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों को इस संबंध में पृथक से सूचना प्रदान नहीं की जायेगी।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।